होगी मक्का-चीनी की फारवर्ड ट्रेडिंग

प्रमुख कृषि जिंस एक्सचेंज नैशनल कमोडिटी ऐंड डेरिवेटिव्ज एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) को मक्के और चीनी में फारवर्ड ट्रेडिंग कारोबार शुरू करने की मंजूरी मिलने के साथ ही राष्ट्रीय जिंस एक्सचेंजों पर जिंसों में फारवर्ड ट्रेडिंग शुरू होने जा रहा है। देश के जिंस वायदा एक्सचेंजों पर ऐसे फारवर्ड सौदों का कारोबार वायदा के साथ एक अलग सेगमेंट में ठीक उसी तरह होगा, जिस तरह स्टॉक एक्सचेंजों पर कैश ऐंड डेरिवेटिव सौदे हो रहे हैं। हालांकि अभी फारवर्ड अनुबंध हाजिर जिंस बाजार या मंडियों में होते हैं, जिनमें किसी एक तारीख को सौदा होता है और डिलिवरी की तारीख पहले ही तय कर ली जाती है। यहां सौदे का निपटान दो पक्षों के बीच होता है। वायदा के अलावा फारवर्ड सौदों का नियमन भी वायदा बाजार आयोग (एफएमसी) करेगा। एफएमसी ने चीनी और मक्के में दो तरह के अनुबंधों अहस्तांतरणीय विशिष्ट डिलिवरी (एनटीएसडी) और हस्तांतरणीय विशिष्ट डिलिवरी (टीएसडी) को मंजूरी दी है। इन अनुबंधों में कारोबार दो सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। *बीएस संवाददाता*